मुख्यालय
कर्मचारी राज्य बीमा निगम
(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार)
पंचदीप भवन, सी.आई.जी. मार्ग, नई दिल्ली-110 002
वेबसाइट : www.esic.nic.in, www.esic.in

सत्यमेव जयते

क.रा.बी.नि.
E.S.I.C.

क.रा.बी. निगम में बीमा चिकित्सा अधिकारी (आईएमओ) ग्रेड–II (एलोपैथिक) की भर्ती

निम्नानुसार क.रा.बी. निगम अस्पतालों/औषधालयों में **बीमा चिकित्सा अधिकारी (आईएमओ) ग्रेड–II (एलोपैथिक)** के पद को भरने के लिए ***ऑनलाइन आवदेन*** (क.रा.बी.नि. की वेबसाइट **www.esic.nic.in** के माध्यम से) आमंत्रित किए जाते हैं:

क. रिक्तियों का विवरण:

पद	श्रेणी					कुल	पीडब्ल्यूडी (शा.वि.) श्रेणी	
	अना	अजा	अजजा	अपिव	ईडब्ल्यूएस		श्रेणी ग	श्रेणी घ एवं ङ
बीमा चिकित्सा अधिकारी (आईएमओ) ग्रेड–II	459	158	88	303	112	1120	34	56

ख. वेतन मान: 7वें सीपीसी के अनुसार वेतन मैट्रिक्स (₹ 56,100/– से ₹ 1,77,500/–) का लेवल–10 । वेतन के अतिरिक्त, वे समय–समय पर लागू नियमों के अनुसार डीए, एनपीए, एचआरए एवं परिवहन भत्ते के लिए भी पात्र होंगे।

ग. आयु सीमा: दिनांक **31.01.2022** को आयु 35 वर्ष से अधिक न हो। कर्मचारी राज्य बीमा निगम के कर्मचारियों और सरकारी कर्मचारी को आयु में 5 वर्ष तक की छूट। भारत सरकार के नियमों/निर्देशों के अनुसार अजा/अजजा/अपिव/शा.वि./पूर्व–सैनिक एवं अन्य श्रेणी के उम्मीदवारों को भी ऊपरी आयु सीमा में छूट प्रदान की गई है।

घ. अनिवार्य अर्हताएं:

1. भारतीय चिकित्सा परिषद् अधिनियम, 1956 (1956 का 102) की प्रथम अनुसूची अथवा द्वितीय अनुसूची अथवा तृतीय अनुसूची के भाग–II (लाइसेंसधारी योग्यता के अलावा) में शामिल मान्यता प्राप्त एमबीबीएस डिग्री योग्यता। तृतीय अनुसूची के भाग–II में शामिल शैक्षिक योग्यता धारकों को भी भारतीय चिकित्सा परिषद् अधिनियम, 1956 (1956 का 102) की धारा 13 की उप–धारा (3) में निर्दिष्ट शर्तों को पूरा करना होगा।
2. अनिवार्य आवर्ती इंटर्नशिप पूर्ण की हो। उम्मीदवार जिन्होंने आवर्ती इंटर्नशिप पूर्ण नहीं की है, वह लिखित परीक्षा में उपस्थित होने के लिए पात्र होंगे, बशर्ते कि, यदि उनका चयन हो जाता है तो उन्हें नियुक्ति से पूर्व अनिवार्य इंटर्नशिप को संतुष्टिपूर्वक पूर्ण करना होगा।

विस्तृत विज्ञापन क.रा.बी. निगम की वेबसाइट **www.esic.nic.in/recruitment** पर उपलब्ध है। उपरोक्त पदों के लिए आवेदन करने के इच्छुक उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे पात्रता मानदंड, आवेदन शुल्क आदि के लिए विस्तृत विज्ञापन को देखें। ऑनलाइन आवेदन जमा करने के लिए लिंक **31.12.2021** से क.रा.बी. निगम की वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगा।

क.रा.बी.निगम की वेबसाइट www.esic.nic.in के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 31.01.2022 है।

उप निदेशक (भर्ती)